Postal Registration No. CHD/0107/2018-2020 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

सत्यमेव जयते

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

o"kZ 18 vad 01 30 tuojh] 2018 ewY; 5 #i;s

प्रधान की कलम से

कृषक मसीहा दीन बंधु सर छोटूराम

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

दीनबंधु किसान हितैषी स्वंय भुगतभोगी ने अपना जन्म दिवस नवंबर की बजाए बसंत पंचमी को मनाने का अधिमान दिया। इसी दूरदृष्टि, सख्त मेहनत और पक्के इरादे वाले किसान मसीहा ने अनेकों कदम उठाए ताकि समाज में संतुलन बना रहे। दीनबंधु का कहना था कि कानूनी तथा मीठे बन लड़ाई लड़ें और दुश्मन को कमजोर करने हेतू स्वंय को मजबूत करें। उनके दो उदाहरण सर्वविदित है ''जिस खेत से ना हो म्यसर दो जून की रोटी, उस खेत के गोशाए गंदम को जला दो।'' यह एक चेतावनी थी कि शासक समझ जाए - किसान को भूखा रहकर मेहनत की आदत है लेकिन अगर खाद्यान्न ही जल गया तो जनता क्या खाएगी? उन दिनों अकाल भी भीषण पड़ते थे। बंगाल का अकाल इतिहास के पन्नों में दिल दहला देने वाली परिकल्पना है।

दूसरे में वे किसान की मजबूती की बात करते हैं कि ''भर्ती हो जा रे रंगरूट, आड़ै मिलै तन्ने टूटे जूते, उड़ै मिलेंगें बूट'' इन दोनों में सहयोग के साथ-साथ किसान को जगाने का प्रयास हो रहा है और उनकी जादूमयी वाणी का असर भी विस्मरणीय है। प्रथम विश्व युद्ध में 22144 सैनिक भर्ती हुए थे और आज भी यह परंपरा जारी है। **यहां एक वर्णनीय तथ्य है कि विश्व में आज तक हुए हर युद्ध में हरियाणा का एक सैनिक जरूर था ।** भारतीय फौज पहले अंग्रेज हित लड़ती थी अब अपने स्वाभिमान के लिए। दीन बंधु ने अपने छात्रकाल में ही संघर्ष का रूख अपना लिया था। क्रिश्चियन मिशन स्कूल छात्रावास के प्रभारी के विरूद्ध चलाए गए आंदोलन में उनकी दक्षता एवं नेतृत्व की झलक स्पष्ट हो गई थी तथा भविष्य की रूप रेखा तैयार हो चुकी थी। इस आंदोलन में ही वे 'जनरल रोबर्ट' के नाम से विख्यात हुए और साथ वे अपने आदर्शों और युवा चरित्रवान छात्र के रूप में वैदिक धर्म और आर्य समाज में अपनी गहरी आस्था स्थापित कर गए। इसी की परिणिती में उन्होने 1913 में रोहतक में जाट स्कूल की स्थापना कराई।

अपने आदर्श एवं मानवता की मिसाल वे सदा बने रहे। वकालत जैसे पेशे में उन्होने झूठे मुकद्में ना लेने, छल-कपट से दूर रहना, मुव्वकिलों से सदव्यवहार जैसे आदर्श स्थापित किए। गरीब को वे निशुल्क कानूनी सलाह भी देते थे। बहुआयामि प्रतिभा के स्वामी ने 1915 में 'जाट गजट' नाम अखबार निकाला, उनका आदर्श मुंशी प्रेमचंद का वाक्य था ''खीचों ना मयानों को ना तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो' और उन्होने ये साबित भी कर दिया। उन्हे सर की उपाधी भी मिली और शासकों में उनके खौफ की छाया भी प्रत्यक्ष है। एक बार कमीश्नर ने उन्हे देश विरोधी करार देकर देश निकाले के आदेश भी पारित कर दिए लेकिन जनता के आक्रोश के आगे झुकना भी पड़ा तथा अपने आदेश वापिस भी लेने पड़े।

साहूकारों का विरोध किया और आंदोलन भी हुआ, उनके पुतले भी जलाए गए तथा 'एह की हो गया-छोटू मोया' के नारे भी लगे लेकिन वे अडिग रहे और अंततः जीत का परचम भी लहराया।

वकालत जैसे व्यवसाय में भी चौधरी साहब ने नए ऐतिहासिक आयाम जोड़े। उन्होने झूठे मुकदमें न लेना, छल-कपट से दूर रहना, गरीबों का निशुल्क कानूनी सलाह देना, मुवक्किलों के साथ सदव्यवहार करना आदि को अपने वकालती जीवन का आदर्श बनाया। इन्ही सिद्धांतों का पालन करके केवल पेशे में ही नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में चौधरी साहब बहुत उंचे उठ गए थे। इन्ही दिनों 1915 में चौधरी छोटूराम ने 'जाट गजट' नाम का क्रांतिकारी अखबार शुरू किया, जो हरियाणा का सबसे पुराना अखबार है और आज भी छपता है। इस अखबार के माध्यम से चौधरी छोटूराम ने ग्रामीण जन-जीवन का उत्थान और साहूकारों द्वारा गरीबों के शोषण पर एक सारगर्भित दर्शन दिया था, जिस पर शोध की जा सकती है। चौधरी साहब ने किसानों को सही जीवन जीने का मूलमंत्र दिया। जाटों का सोनीपत की जुडिशियल बैंच में कोई प्रतिनिधि न होना, बहियों का विरोध, जिनके जरिए गरीब किसानों की जमीनों को गिरवी रखा जाता था, राज के साथ जुड़ी हुई साहूकार कौमों का विरोध जो किसानों की दुर्दशा के जिम्मेवार थे, के संदर्भ में किसान के शोषण के विरूद्ध उन्होने डटकर प्रचार किया। उनके स्वंय के शब्दों में -''किसान कुंभकरण की नींद सो रहा है, मैं जगाने की कोशिश कर रहा हूं - कभी तलवे में गुदगदी करता हूं, कभी मूंह पर ठंडे पानी के छींटे मारूता हूं। यह आंखे खोलता है, करवट लेता है, अंगड़ाई लेता है और फिर जम्हाई लेकर सो जाता है। बात यह है कि किसान से फायदा उठाने वाली जमात एक ऐसी गैस अपने पास रखती है जिससे तुरंत बेहोशी पैदा हो जाती है और किसान फिर सो जाता है।''

चौधरी साहब का मानना था कि किसान को लोग अन्नदाता तो कहते हैं लेकिन यह कोई नहीं देखता कि वह अन्न खाता भी है या नहीं। जो कमाता है वह भूखा रहे यह दुनिया का सबसे बड़ा आश्चर्य है। मैं राजा-नवाबों और हिंदुस्तान की सभी प्राकर की सरकारों को कहता हूं कि वो किसान को इस कद्र तंग ना करें कि वह उठ खड़ा हो। इस भोलानाथ को इतना तंग न करो कि वह तांडव नृत्य कर बैठे। दूसरे लोग जब सरकार से नाराज हाते हैं तो कानून तोड़ते हैं, किसान जब नाराज होगा तो कानून ही नहीं तोड़ेगा, सरकार की पीठ भी तोड़ेगा।

'ks"k i`t&2 ij

शेष पेज–1

चौधरी छोटूराम ने राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम में डटकर भाग लिया और 1916 में पहली बार रोहतक में कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया तथा चौधरी छोटूराम का आह्वान अंग्रेजी हुकूमत को कंपकपा देता था। चौधरी छोटूराम के लेखों और कार्य को अंग्रेजों ने बहुत भयानक करार दिया। फलस्वरूप रोहतक के डिप्टी कमीश्नर ने तत्कालीन अंग्रेजी सरकार से चौधरी छोटूराम को देश निकाले की सिफारिश कर दी। पंजाब सरकार ने अंग्रेज हुकमरानो को बताया कि चौधरी छोटूराम अपने आप में एक क्रांति है, उनका देश निकाला गदर मचा देगा, खून की नदियां बह जाएंगी। किसानों का एक-एक बच्चा चौधरी छोटूराम हो जाएगा। अंग्रेजों के हाथ कांप गए और कमीश्नर की सिफारिश को रद्द कर दिया गया।

चौधरी छोटूराम, लाला श्याम लाल और उनके तीन वकील साथियों, नवल सिंह, लाला लालचंद जैन और खान मुश्ताक हुसैन ने रोहतक में एक ऐतिहासिक जलसे में मार्शल के दिनों में साम्राज्यशाही द्वारा किए गए अत्याचारों की घोर निंदा की। सारे इलाके में एक भूचाल सा आ गया। अंग्रेजी हुक्मरानों की नींद उड़ गई। चौधरी छोटूराम व इनके साथियों को नौकराशाही ने अपने रोष का निशाना बना दिया और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए कि क्यों न इनके वकालत के लाईसेंस रद्द कर दिए जायें। मुकदमा बहुत दिनों तक सैशन की अदालत में चलता रहा और आखिर चौधरी छोटूराम की जीत हुई। यह जीत नागरिक अधिकारों की जीत थी।

अगस्त, 1920 में चौधरी छोटूराम ने कांग्रेस छोड़ दी क्योंकि चौधरी साहब गांधी जी के असहयोग आंदोलन से सहमत नहीं थे। उनका विचार था कि इस आंदोलन से किसानों का हित नहीं होगा। उनका मत था कि आजादी की लड़ाई संवैधानिक तरीके से लड़ी जाए। कुछ बातों पर वैचारिक मतभेद होते हुए भी चौधरी साहब महात्मा गांधी की महानता के प्रशंसक रहे और कांग्रेस को अच्छी जमात कहते थे। चौधरी छोटूराम ने अपना कार्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब तक फैला लिया और जाटों का सशक्त संगठन तैयार किया। आर्यसमाज और जाटों को एक मंच पर लाने के लिए उन्होने स्वामी श्रद्धानंद और भटिंडा गुरूकुल के मैनेजर चौधरी पीरूराम से संपर्क साध लिया और उसके कानूनी सलाहकार बन बए।

सन 1925 में राजस्थान में पुष्कर के पवित्र स्थान पर चौधरी छोटूराम ने एक ऐतिहासिक जलसे का आयोजन किया। सन 1934 में राजस्थान के सीकर शहर में किराया कानून के विरोध में एक अभूतपूर्व रैली का आयेजन किया गया, जिसमें 10,000 जाट किसान शामिल हुए। यहां पर जनेऊ और देसी घी दान किया गया, महर्षि दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश के श्लोकों का उच्चारण किया गया। इस रैली से चौधरी छोटूराम भारतवर्ष की राजनीति के सतंभ बन गए।

पंजाब में रौलट एक्ट के विरूद्ध आंदोलन को दबाने के लिए मार्शल ला लागू कर दिया गया था जिसके परिणामस्वरूप देश की राजनीति में एक अजीबोगरीब मोड़ आ गया। एक तरफ गांधी जी का असहयोग आंदोलन था तो दूसरी ओर प्रांतीय स्तर पर चौधरी छोटूराम और चौधरी लालचंद आदि जाट नेताओं ने अंग्रेजी हुकूमत के साथ सहयोग की नीति बना ली थी। पंजाब में मांटेग्यू चौक्सफोर्ड सुधार लागू हो गए थे, सर फजले हुसैन ने खेतिहर किसानों की एक पार्टी 'जमींदारा पार्टी' खड़ी कर दी। चौधरी छोटूराम व इसके साथियों ने सर फजले हुसैन के साथ गठबंधन कर लिया और सर सिकंदर हयात खान के साथ मिलकर युनियनिस्ट पार्टी का गठन किया। तब से हरियाणा में दो परस्पर विरोधी आंदोलन चलते रहे। चौधरी छोटूराम का टकराव एक ओर कांग्रेस से था तथा दूसरी ओर शहरी हिंदू नेताओं व साहूकारों से होता था।

चौधरी छोटूराम की जमींदारा पार्टी किसान, मजदूर, मुसलमान, सिक्ख और शोषित लोगों की पार्टी थी लेकिन यह पार्टी अंगेजों से टक्कर लेने को तैयार नहीं थी। हिंदू सभा व दूसरे शहरी हिदुओं की पार्टियों में चौधरी छोटूराम का मतभेद था। भारत सरकार अधिनियम 1919 के तहत 1920 में आम चुनाव कराए गए। इसका कांग्रेस ने वहिष्कार किया और चौधरी छोटूराम व लालसिंह जमींदारा पार्टी से विजयी हुए। उधर 1930 में कांग्रेस में एक और जाट नेता चौधरी देवीलाल को चौधरी छोटूराम की पार्टी के विरोध में स्थापित किया। भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत सीमित लोकतंत्र के चुनाव 1937 में हुए। इसमें 175 सीटों में से यूनियनिस्ट पार्टी को 99, कांग्रेस को केवल 18, खालसा नेशनलिस्ट को 13 और हिंदु महासभा को केवल 12 सीटें मिली थी। हरियाणा देहाती सीट से केवल एक प्रत्याशी चौधरी दुलीचंद ही कांग्रेस से जीत पाए थे।

चौधरी छोटूराम के कद का अंदाजा इस चुनाव से अंग्रेजों, कांग्रेसियों और सत्ता विरोधियों को हो गया था। चौधरी छोटूराम की लेखनी जब लिखती थी तो आग उगलती थी। 'ठग बाजार की सैर' और 'बेचारा किसान' के लेखों में से 17 लेख जाट गजट में छपे। 1937 में सिकंदर हयात खान पंजाब के पहले प्रधानमंत्री बने और झज्जर के ये जुझारू नेता चौधरी छोटूराम विकास व राजस्व मंत्री बने और गरीब किसान के मसीहा बन गए। चौधरी छोटूराम ने अनेक समाज सुधारक कानूनों के जरिए किसानों को शोषण से निजात दिलवाई, जिनमें मुख्यतः साहूकार पंजीकरण एक्ट -1938 जो 2 सिंतबर 1938 को प्रभावी हुआ था। इसके अनुसार कोई भी साहूकार बिना पंजीकरण के किसी को कर्ज नहीं दे पाएगा और न ही किसानों पर अदालत में मुकदमा कर पाएगा। इस अधिनियम

के कारण साहूकारों की एक फौज पर अंकुश लग गया। गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट 1938 जो 9 सिंतबर 1938 को प्रभावी हुआ। इस अधिनियम के जरिए जो जमीनें 8 जून 1901 के बाद कुर्की से बेची हुई थी तथा 37 सालों से गिरवी चली आ रही थी वो सारी जमीने किसानों को वापिस दिलवाई गई। इस कानून के तहत केवल एक सादे कागज पर जिलाधीश को प्रार्थना-पत्र देना होता था। इस कानून में अगर मूल राशि को दोगुणा धन साहूकार प्राप्त कर चुका है तो किसान को उसकी जमीन का पूर्ण स्वामीत्व दिए जाने का प्रावधान किया गया। कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम 1938 जो 5 मई 1939 को प्रभावी माना गया। इसके तहत नोटिफाइड ऐरिया में मार्किट कमेटियों का गठन किया गया। एक कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को अपनी फसल का मूल्य एक रूपये में से 60 पैसे ही मिल पाता था। अनेक कटौतियों का सामना किसानों को करना पड़ता था। आढ़त, तुलाई, रोलाई, मुनीमी, पगेदारी और कितनी ही कटौतियां होती थी लेकिन इस अधिनियम ने किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने का नियम बना। आढ़तियों के शोषण से किसानों को निजात इसी अधिनियम ने दिलवाई। व्यवसाय श्रमिक अधिनियम 1940 जो 11 जून 1940 को लागू हुआ जिससे बंधुआ मजदूरी पर रोक लगाए जाने वाले इस कानून ने मजदूरों को शोषण से निजाट दिलवाई। इसके अनुसार सप्ताह में 61 घंटे, एक दिन में 11 घंटे से ज्यादा काम नहीं लिया जा सकेगा। वर्ष भर में 14 छुट्टियां दी जाएंगी तथा 14 साल से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी नहीं करवाई जाएगी। दुकान व व्यवसायिक संस्थान रविवार को बंद रहेगें। छोटी-छोटी गलतियों पर वेतन नहीं काटा जाएगा। जुर्माने की राशि श्रमिक कल्याण के लिए ही प्रयोग हो पाएगी। इन सबकी जांच एक श्रम निरीक्षक द्वारा समय-समय पर की जाया करेगी। इनके इलावा कर्जा माफी अधिनियम 1934 एक क्रांतिकारी ऐतिहासिक अधिनियम दीनबंधु चौधरी छोटूराम ने 8 अप्रैल 1935 में किसान व मजदूर को सूदखोरों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए बनवाया। इस कानून के तहत अगर कर्जे का दोगुना पैसा दिया जा चुका है तो ऋण मुक्त समझा जाएगा। इस अधिनियम के तहत कर्जा माफी (रीकैंसीलेशन) बोर्ड बनाए गए जिनमें एक चेयरमैन और सदस्य होते थे। दाम दुपट्टा का नियम लागू किया गया, जिसके अनुसार दुधारू पशु, बछड़ा, ऊंट, रेहड़ा, घर, गितवाड़ और आजीविका के साधनों की नीमाली नहीं की जाएगी। इस कानून के तहत अपीलकर्ता के संदर्भ में एक दंतव्य बहुत प्रचलित हुई थी कि लाहौर हाईकोर्ट में मुख्य न्यायधीश से एक अपीलकर्ता नेकहा कि मैं बहुत गरीब आदमी हूं, मेरा घर और बैल कुर्की से माफ किया जाए। न्यायधीश सर शादीलाल ने व्यंगात्मक लहजे में कहा कि छोटूराम नाम का आदमी है, वही ऐसे कानून बनाता है, उनके पास जाओ और कानून बनवा कर लाओ। अपीलकर्ता चौधरी छोटूराम के पास आया और यह टिप्पणी उन्हे सुनाई। चौधरी छोटूराम ने कानून में ऐसा संशोधन करवाया कि उस अदालत की सुनवाई पर प्रतिबंध लगा दिया और इस तरह चौधरी छोटूराम ने व्यंग का जबरदस्त उत्तर दिया। **पाकिस्तान के एक मात्र नोबल पुरस्कार विजेता अब्दुस कलेम, दीनबन्धु के वजीफे से पढ़े थै। पुरस्कार समारोह में उन्होंने दीनबन्धु का आभार व्यक्र करते हुये कहा था।**

'अगर छोटू राम ने होते आज अब्दुस कलाम छंद ना होते'

दीनबन्धु हर जाति-पाति, रंगभेद से उपर थे। वे केवल मानवतावादी थे और वे जीवन प्रयन्त कामगार, काश्तकार के हक के लिये सघर्षरम रहे।

1942 में सर सिकंदर हयात खान का देहांत हो गया और खिज्र हयान खान टीवाना ने पंजाब की राजसत्ता संभाली। उधर मुहम्मद अली जिन्हा ने 1944 में लाहौर में सर खिज हयान खान पर दबाव डाला कि चौधरी छोटूराम का दबदबा कम किया जाये और पंजाब की युनियनिस्ट सरकार का लेबल हटाकर मुस्लिम लीग सरकार का नाम दिया जाए क्योंकि सर छोटूराम अब्दुल कलाम की नीतियों के समर्थक थे। मुहम्मद अली जिन्हा और चौधरी छोटूराम सीधे टकराव की स्थिति में आ गए। अब तो चौधरी छोटूराम की पार्टी के सामने मुस्लिम लीग और कांग्रेस दोनों ही चुनौती बन गई थी लेकिन दूसरे महायुद्ध में चौधरी छोटूराम द्वारा कांग्रेस के विरोध के बावजूद सैनिकों की भर्ती से अग्रेज बड़े खुश थे। अंग्रेजों ने हरियाणा के इलाके की वफादारी से खुश होकर हरियाणा निवासियों को वचन दिया कि भाखड़ा पर बांध बनाकर पानी हरियाणा को दिया जाएगा। सर छोटूराम ने ही भाखड़ा बांध का प्रस्ताव रखा था कि सतलुज के पानी का अधिकार बिलासपुर के राजा का है और रोहतक के महान सपूत ने बिलासपुर के राजा के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। **वर्तमान में किसान, कामगार, काश्तकार सरकार एवं सरकारी तंत्र की ओर से बढ़ती हुई उपेक्षा के कारण यह वर्ग आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है व इस प्रकार की घटनायें दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन किसान वर्ग की कोई सुध लेने वाला नहीं है। अतः दीनबन्धु सर छोटूराम की सार्वजनिक वाणी आज उपेक्षित किसान-कामगार की बात याद आ रही है और वह हर कदम यह आहवान करने को मजबूर है:-**

खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बन्दे से पूछे, बता तेरी रजा क्या है।

सन 1924 से 1945 तक पंजाब की राजनीति के सूर्य चौधरी छोटूराम का 9 जनवरी 1945 को देहावसान हो गया और एक क्रांतिकारी युग का यह सूर्य अस्त हो गया लेकिन कृषक वर्ग उन्हे आज भी नमन करता है।

डा0 महेन्द्र सिंह मलिक
आई.पी.एस., सेवानिवृत,
प्रधान जाट सभा चंडीगढ़/पंचकूला एवं
अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति

जाटनीति की समीक्षा

– सूरजभान दहिया

बी.एस. दहिया की पुस्तक 'दि जाट्स–एन्सिएंट रूलरज' में उल्लेख आता है कि सातवीं सदी से पूर्व जाटों का शासन था। जाट शासन के अन्तर्गत राजा का पद पैतृक नहीं होता था बल्कि राजा का चुनाव राजसभा द्वारा बुद्विमता, नैतिकता एवं समपर्णता के आधार पर होता था। यदि गलती से अयोग्य व्यक्ति राजा चुन लिया जाता था तो उसे हटा भी दिया जाता था। परंतु इसके पश्चात् राजसभा में भी कहीं–कहीं चाटुकारिता हावी होने लगी और राजा इसका शिकार होने लगा। फिर एक संघर्ष ने जन्म ले लिया जिससे राजा का पद पैतृक बन गया। यहीं से राजपूत व्यवस्था की उत्पति आरम्भ हुई। इससे धीरे–धीरे चाटुकार दरबारियों ने 'जाट शासक'का उल्लेख करना ही छोड़ दिया। नैतिक जाट समुदाय अपनी गणराज्य परम्परा पर अडिग रहा, परंतु पैतृक राज व्यवस्था के सामने जाट गणराज्य व्यवस्था मानो लुप्त सी होने लगी। शक्तिशाली जाट शासक फिर भी अपने राज्यों को स्थापित करने में कामयाब रहे जिससे निर्बल पैतृक राज व्यवस्था वाले राजा पारम्परिक गणतंत्र जाट शासकों से ईर्ष्या करने लगे। चाण्क्यनीति इसी का प्रतिफल हो सकती है जो काफी समय पूर्व जाट गणराज्य राज्यों में सेधं करने लग गई थी।

अब तरावडी की 1192 की दूसरी लड़ाई का अवलोकन कीजिये जिसे 'जयचंद नीति'का प्रतिफल माना जाता है। पृथ्वीराज चौहान की हार और मोहम्मदगौरी की विजय ने जाट प्रभुत्व पर तीखा प्रहार किया। इसे बाद के आक्रांताओं ने जाट शक्ति को इतना क्षीण कर दिया कि जाट शासक बनने के अपने पारम्परिक अधिकार से वंचित हो गये। फिर भी वे अपन गणतंत्र व्यवस्था के माध्यम से मुस्लिम बादशाहों का निरन्तर लोहा लेते रहे। भरतपुर घराने ने समय की परिस्थितियों के अनुसार जाटलैंड़ को परिभाषित करके पैतृक राजघराने को शक्तिशाली बनाया परंतु भरतपुर हाऊस सदैव जनता के प्रति उतरदायी रहा। इससे जाटों में खोई हुई अपनी सता को पुनः पाने के लिए नया उत्साह प्रवाहित हुआ और उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य से 1857 में अपनी आजादी को पाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम लडा। उन्होंने अपने जाटलैंड़ में जनता सरकारें भी गठित कर ली थीं। यह संग्राम अपने उद्देशय की प्राप्ति इसलिए न कर सका क्योंकि जाटों की जनता सरकारों को गिराने के लिए पंजाब की कुछ जाट रियासतों के शासक अंग्रेजों से जामिले और अपने ही भाईयों की जनता सरकारों को केवल गिराया ही नहीं बल्कि हजारों–लाखों जाटों को मौत के घाट उतरवा दिया। 1192 से लेकर 1857 तक जचन्द नीति के कारण जाट सता से वंचित रहे, इसके पश्चात् अंग्रेजों की 'फूट करो – राज करो– की नीति बहुत ही प्रभावी सिद्व हुई। इस नीति का अंग्रेजों ने 1757 से 1857 के बीच कई बार प्रयोग किया था, परंतु इस नीति की सफलता इतनी नहीं हुई जितनी 1857 के पश्चात् हुई। इसके बाद अंग्रेजों को जाटों की शक्ति का अहसास हुआ और उनकी शक्ति को दिल्ली के आस–पास बढ़ने नहीं दिया गया। हां, जाट की बहादुरी का भरपुर उपयोग उन्होंने विश्वयुद्धों को जितने में जरूर किया।

चौ. छोटूराम ने अंग्रेज नीति को समझा, परखा तथा जाटों की सुनियोजित तरीके से संगठित करना शुरू कर दिया। उन्हें भारत की स्वतंत्रता दिखाई दे रही थी इसलिए उन्होंने भावी लोकतंत्र में जाटों की प्रभावी भूमिका को परिभाषित कर दिया था। यह जाटों के लिए दुर्भाग्य रहा कि वे आजादी से पूर्व ही 1945 में स्वर्गवास हो गये। इसके पश्चात् जाट शक्ति तितर–बितर हो गई।

1977 में जनता सरकार के गठन से जाट शक्ति को एक नया आयाम मिला, चौ. चरण सिंह प्रधानमंत्री भी बने, परंतु वे भी एक साजिश का शिकार हो गये। यह कैसी विडम्बना थी कि चौ. अजित सिंह को दरकरार करके मुलायम सिंह को उतर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। चौ. देवीलाल को किस तरह सता से वंचित करके भजनलाल को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया, चौ. साहिब सिंह वर्मा को किस तरीके से दिल्ली के मुख्यमंत्री से हटाकर श्रीमती सुषमा स्वराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया। इससे पूर्व भी किस प्रकार राजस्थान में कुम्भाराम आर्य एवं नाथूराम मिर्धा को सता के गलियारे में उपेक्षित किया गया और हाल में किस प्रकार जाटों की प्रबल दावेदारी को दरकिनार करके गहलोत को राजस्थान के मुख्यमंत्री की कुर्सी थमा दी। क्यों चौ. देवीलाल को प्रधानमंत्री बनते–बनते रोका गया? जाटों की उपेक्षा किस नीति के तहत हुई इस बात पर राजनीति के शास्त्री अध्ययन कर सकते हैं। वे इस नीति को परिभाषित भी कर सकते हैं।

मैं उपरोक्त विवरण देकर इस नीति को परिभाषित करने का दायित्व उन जाट बुद्धिजीवियों, इतिहारकारों व राजनीतिज्ञों पर छोड़ रहा हूं जिन्होंने स्कूल छात्र के रूप में हमारा प्रदूषित इतिहास पढ़ा है तथा जाटों के सही इतिहास को पढ़ने से वंचित रखा है। अच्छा होता कि वे ऐसे इतिहास को पढ़ते ही नहीं। इससे कम से कम आज वे स्वतंत्र रूप से जाट इतिहास को समझने के काबिल तो होते। वे तो अब प्रदूषित इतिहास के मानसिक रूप से शिकार हैं जो वे इस बात को मानने को तैयार ही नहीं कि हम शासक थे और शासक बन सकते हैं। मेरे सामने तो एक अनुभव है कि खंडित राजनीति से आम जाट का भला होना बंद हो गया है। गांव–गांव में जो एक अपनापन था वह जाट बिरादरी से गायब होता जा रहा है। श्री मुलायम सिंह यादव शेर हैं। श्री लालु प्रसाद यादव भी शेर, सुश्री मायावती भी शेर की तरह दहाड़ती हैं– राजनीति के मंच पर प्रभावी हैं और हम कहां हैं? यह आप बतायें।चौ. छोटूराम ने मुस्लिम वोटों को संजोय रखा था, चौ. चरण सिंह ने भी ऐसा ही किया। आगे हमने दूसरी जातियों के वोटों को गंवा दिया, अपनी कौम को बांट दिया। कहते हैं जटडा और काटड़ा अपने को मारता है– राष्ट्रीय राजनीति में हम आज कहां हैं? परिणाम हमारे सामने हैं। हमारे नेता अपनी स्वार्थ नीति से खुद तो तर गये, पर कौम को ले डूबे– यह जाटनीति नहीं थी।

विदेशी विद्वानों ने यह भ्रम फैलाया था कि आर्य इस देश के निवासी नहीं थे, लेकिन वैज्ञानिक खोजों ने इस भ्रम का निवारण करके अब आर्यो का मूल स्थान जाटलैंड को ही माना हैं। यहीं से आर्य लोग एशिया और युरोप में गए। आर्य लोग लैंड में सर्वप्रथम सरस्वती के तट पर ही निवास करते थे। सरस्वती आर्यो कि जीवन दायिनी मां थी। इस क्षेत्र को हरा–भरा रखती थी और खाद्यान्न देकर धनसम्पति से उनके

भण्ड़ार भरती थी। इसलिए आर्यो ने उससे प्रार्थना की थी– "सत्यपथ प्रदर्शिका, न्याय–औचित्य उत्प्रेरिका, सर्वमंगल दायिनी सरस्वती मां हमारी भेंट पूर्ववत स्वीकार करती रही।" जाटों ने कृषि और पशु पालन व्यवसाय को अपनाकर आर्य सभ्यता को जीवित रखा है क्योंकि आर्यसभ्यता मूलतः कृषि प्रधान थी। जाट की इस धरोहर को विस्मृत नहीं किया जा सकता। जाटों ने आर्य संस्कृति, कृषि, पशुपालन के साथ–साथ स्वदेश–रक्षार्थ सैनिक दिये हैं– जाट आयुद्धजीवी थे और रहेंगे भी– जय जवान, जय किसान ही इनकी विरासत रही है। लालकिले, ताजमहल या ऐसे पुरातत्व ऐतिहासिक स्थलों के रखरखाव से हमारी हैरीटेज सुरक्षित नहीं रह सकती जबकि जीवित हैरीटेज–किसान को आत्महतांए करने के लिए बाधित किया जा रहा है। पहले लोग राजनेताओं को आदर से देखते थे। अब अधि ाकांश राजनीतिबाज उपेक्षित हैं और कुछ तो घृणा के पात्र भी बन चुके हैं। कारण है कि राजनीति पहले जनहित का कार्य समझा जाता था राजनीति स्वार्थसिद्ध का साधन बन गया है। जाटों को खतरा अन्य कौमों से ही नहीं बल्कि कौम के अन्दर से भी है। कुछ ऐसे लोग इस कौम में हैं जो आम जाट भाई के अधिकारों को हड़पकर अपना अधिनायकवाद स्थापित करने में सफल हो गए हैं। जाटनीति में तो जन, गण व मन अधिनायक हैं। जाट भाइयों समझना चाहिए कि स्वराज उनकी सबसे मूल्यवान धरोहर है। जिस प्रकार किसी मूल्यवान वस्तु की डकैती, चोरी या ठगी हो सकती है, उसी प्रकार जाट राज्य – जाट आत्मसम्मान की ठगी सी हो गई है। इसलिये मैं कह रहा हूं बार–बार लिख रहा हूं– "सतत् जागरूकता ही जाट राज्य का मूल है, जो कौम जागरूक नहीं होती उसका आत्मसम्मान ठग लिया जाता है। हमारे साथ भी ऐसा ही हुआ है। अपने वर्चस्व को पुनः स्थापित करने के लिए बढ़ती विघटनकारी राजनीति से दूर रहना होगा। हमारे कौम के रहनुमाओं का स्तर गिर गया है। अधिकांश राजनीतिबाज कौम की चिंता छोड़कर अपना–अपना वोट बनाने में लगे हैं। हमें इस बंदरबाट से अलग रहना होगा, इसलिए कौम की प्रतिष्ठा हेतु राजनीति को सुधारना हम सब लोगों का दायित्व है। हम लोकतंत्र हैं, इसलिए हमारा संपूर्ण हित इसके माध्यम से ही सुरक्षित रहेगा।"

जाट समुदाय के संत व महापुरूष

वीराज जयदेव – भम्भयोलिया गोत्री जाट जिसने धोलपुर (राजस्थान)और गोहद मध्यप्रदेश रियासतों की स्थापना की।

वीरशीरोमणि भज्जसिंहन – सिनसिनवार गोत्री जाट, जिसने शहजादा बेदाबख्त तथा बिशनसिंह राजपुत की सेनाओं को सिनसिनी युद्व में नाको चने चबाये।

वीर कैलाश – बाजवा गोत्री जाट जिसने कैलाश गाजवा (पंजाब) रियासत की स्थापना की।

वीर सूरजप्रकाश जाट – दहिया गोत्री जाट, सर्वखान हरयाणा का वीर एक सेनानति जिसने तुर्को को करनाल के मैदान में हराया।

दसोदसिंह – गिल गोत्री जाट जिसने निशानवाला मिसल की स्थापना की।

चतरसिंह – शिवी गोत्री जाट जो महाराजा रणजीतसिंह के दादा थे जिन्होनें सुकरचकिया मिसल की स्थापनाकी।

करोडसिंह – विर्क गोत्री जाट जिन्होनें 'करोडों सघियां' मिसल की स्थापना की।

जाटनी सदाकौर – कन्हैया मिसल की सरदार (मुखिया) महाराजा रणाजीतसिंह की सास।

अकाली फूलसिंह – सहारण गोत्री जाट महाराजा रणजीतसिंह के सेनापति तथा अकाल तख्ब के जत्थेदार।

वीर कान्हा रावत – मेवात के रहने वाले रावत गोत्री जाट जो औंरगजेब के विरूद्व लडकर शहीद हुए। इस वीर जाट को औंरगजेब ने निंदा जमीन में गडवा किदा था जिनका इतिहास बहुत लम्बा है।

क्रांतिकारी राजा महेन्द्रताप – ठेनुवा गोत्री मुरसान (उ०प्र०) के जाट राजा जिसने देश की आजादी के लिए अपनी रियासत की लि चझा दी और 32 साल विदेंशो में रहकर 'आजाद हिन्द सरकार' की स्थापना करके आजादी का बिगुल बजाते रहे। आई.एन.ए. के वास्तविक संस्थापक वही थे, नेता जी इसके सेनापति थे तो राजा जी बसके राष्ट्पति थे। लेकिन अफसोस है कि पक्ष्मी उतर प्रदेश के क्षेत्र को छोडकर जाट भी उनके बारे में नहीं जानते।

जनरल माहनसिंह – नेमा जी सुभाष की आई.एन.ए. में एक प्रमुख सेनापति थे।

वीर योद्धा पदमसिंह जाट – आई.एन.ए. में वीरता की सबसे बडी उपाधि वीर–ए–हिन्द थी, जिसमें एकमात्र हिन्दू को यहं उपाधि मिली बाकी दो मुसलमानधर्मी जाट थे। नेता जी को इन पर बडा गर्व था।

वीर अजीतसिंह संधू शहीद भगतसिंह के चाचा जी तथा महान क्रांतिकारी जिन्होनें नारा दिया 'पगडी सम्भाल ओ जटा पगडी सम्भाल'।

शहीद वीर बन्तासिंह – दायमा गोत्र के जाट, शहीद भगतसिंह के साथी तथा महान निडर कांतिकारी।

शेरे दिल अवतारसिंह शराबा – ग्रेवाल गोत्री शहीद भगत सिंह के आदर्श, जिनको फ़ुांसी की सजा सुनाने के 4 महीने बाद जब फांसी हुई तो 8 किलो वनज बढा हुआ मिला।

वीर बाबा बेशाखासिंह – महान् ऋांतिकारी बौर अंग्रेजी सरकार का बढा सिरदर्द।

शेरे दिल शहीद हरिकिशन – महान् ऋांतिकारी जिसको फांसी सुनाने पर जिन्होनें ज से कहा – ाद्र4)क्ष्क्स्ऱ्

ताना जाट – मलसूरा गोत्री जाट जिसने शिवाजी व उसके पुत्र सम्भाजी को औंरगजेब की जेल से मिठाई के टोकरों में बाहर निकाला।

मेजर जयपालसिंह मलिक – महान् क्रांतिकारी जो अंग्रेजी सेना के सीने में कील थे।

शहीद रंगसिंह व शहीद वीरसिंह – आजादी के दिवाने।

वीर योद्धा सज्जनसिंह जाट – सतारा रियासत के संस्थापक (महाराष्ट्र)।

हरफूल जाट जुलानीवाला – श्योराण गोत्री जाट, इनकी बहादुरी मंगल पाण्डे से कई गुणा अधिक थी। ये जींद हरयाणा के जुलानी गांव के रहने वाले थे।

हीर–रांझा – दक्षिण एशिया के महान् जाट युगल प्रेमी हुए जिसमें लडकी का नाम हीर तथा गोत्र स्याल था, लडका ढिलो गोत्र रांझा था।

मिर्जा और साईबा – महान् प्रेमीयुगल हुए, जिसमें मिर्जा खरल गोत्री जाट तथा साईबा भराईच गोत्री जट पुत्री थी।

पीलू जट – मिर्जा साहिबा पर लोकगीत लिखकर एक विशाल साहित्य की रचना की।

कादर यार – सन्धु गोत्री जाट जिसने पूरण भक्त पर लोकगीत तथा साहित्य की रचना की।

भाई मनीसिंह – 'दौलत' गोत्री योद्धा। एक लेखक और शहीद जिन्होनें मौलिक 'गुरूपंथ' को लिपिबद्ध किया।

भाई महताबसिंह – भंगू गोत्री पीर योद्धा जाट–जिसने स्वर्ण मन्दिर को अपवित्र करने वाले रांघडो 'मुस्लिम राजपुतों' से बदला लिया।

राजा राव नैनसिंह – ये कश्यप गोत्री जाट थे, राव इनकी उपाधि थी। इनका छोटा सा व आखिरी राज 12वीं सदी में ब्यावार (राज) के लहरीग्राम में था। जो आज रैबारी जाति का ग्राम है। ये चौ. संग्रामसिंह गोत्र का प्रचलन हुआए के पिता थे। पहले इन कश्यप गोत्री जाटों का बडा पंचायतों राज सारसू जगंल (राज.) पर था। राव व संघा इन जाटों की उपाधि रही है। 14वीं सी में चरखों दादरी हरयाणा क्षेत्र में आए।

धौलपुर नरेश उदयभनुसिंह – इन्होनें दिल्ली के बिरला मन्दिर की नींव अपने करकमलों से सन् 1932 में रखी थी। इसका पत्थर मन्दिर के बायीं तरफपार्क में लगा हुआ है।

वीर योद्धा रामसिंह – ये खोजा गोत्री जाट थे, जिन्होनें राजस्थान में 11वीं सदी में टोंकरा थे, शहर बंसाया जो आज ठोंक कहलाता है।

वीर नल्ह बिजारणिया – इतिहासकार लिखते हैं कि इनके पूर्वज सिकन्दर की सेना में भारत आये थे। ये स्वंय भी सिकन्दर के एक सेनापति थे। ये बिजारणिय इनकी पदवी थी, इन्हीं के वंशज योद्धा जगतसिंह, वीरसिंह व देवराज आदि हुए। यह पदवी इनके गोत्र, में बदल गई और आज गलत उच्चारण करकें इन्हें लोग बिजाणियां बोलते है।

याद रहे सिकन्दर की सेना में काफी जाट थे। इस प्रकार हम देखते हैं कि हमेशा जाट ही जाट से लडते रहे। जब सिकन्दर की युनानी सेना ने ब्यास से आगे बढने से मना कर दिया तो सिकन्दर ने कहा था 'मैं जाटों के साथ आगे बढ जाऊगा'।

वीर खेमसिंह – भूखर गोत्री जाट, जिसका सांभर प्रदेश (राज.) पर राज था। इन्हीं के वंशज योद्धा उदयसिंह हुए।

जाट नरेश सम्मतराज – ये भादु गोत्री महान् योद्धा जाट राजा हंए, जिन्होनें राजस्थान में भादरा बसाया और राज किया।

शेर जाट रणमल – इस योद्धा जाट ने जहां रणखंभ गाडा था वही बाद में रणखंभ गाडा कहलाया। बाद में यह राज चौहान राजपुतों के हाथ चला गया।

नरेश नागावलोक – यह नागिल गोत्री जाट थे जिनका मेदपाट (राज.) था। बाद में इन जाटों ने नागौर व नोहर पर भी राज किया।

सरदार लाडसिंह – यह जाखड गोत्री जाट थे, जिन्होनें रियाणा में लाडान गांव बसाया। ये योद्धा जाखड गोत्र के कुछ जाटों को राजस्थान से हरयाणा क्षेत्र में लाये।

वीर बादल बौर गौरा – राणा रायमल के दो जाट सेनापति थे जिनके नाम पर चितौड में दो गुम्बजदार मकान है। ये चाचा भतीजे थे।

पीर शहीद माडू उर्फ उदयसिंह – ये वीर योद्धा शूरवीर गोकुला जाट के साथ शहीद हुए।

नेता श्रापित माखन – ठेनुवा गोत्री जाट, जिसने इटावा (ऊ.प्र.) रियासत की स्थापना की।

जाट योद्धा भागाल – मीठा गोत्री जाट, जिसने इटावा (ऊ.प्र.) के पास फफूंद राज्य की स्थापना की।

वीर योद्धा पाखरिया – महाराजा जवारसिंह भरतपुर देश के सेनापति।

खुटेल गोत्री जाट जिसने लाल किले के किवाड उतारकर पंहुचाये।

सेनापति पूर्ण जाट – गढवाल गोत्री जाट, जो मलखान के सेनापति थे। इनहीं के पूर्वजों ने उतर प्रदेश के गढमुकतेक्षर का निर्माण करवाया।

प्रचण्ड वीर खेमकरण – शूर गोत्री जाट, जिनके कारण शौरसैन क्षेत्र कहलाया।

धर्म

– डा. भूपसिंह, भिवानी

धर्म एक ऐसा शब्द है जिससे पृथ्वी पर रहने वाली सभी 7 अरब लोगों का संगंध है। जो आस्तिक हैं वे धर्म का पक्ष लेते हैं। अपने–अपने धर्म का प्रचार–प्रसार करने का प्रयास करते हैं। ओर जो नास्तिक हैं वे धर्म से बचने और दूसरों को धर्म से दूर रहने का प्रचार–प्रसार करते हैं। कहने का अभिप्राय धर्म से किसी का जीवन अछूता नहीं है। धर्म के पक्ष या विपक्ष में सभी की भागीदारी किसी न किसी रूप में अवश्य रहती है। निश्चित रू॰ में धर्म के मानने वालों के जीवन पर धर्म का अवश्य प्रभाव रहेगा। यह प्रभाव दोनों प्रकार का रहा है। धर्म को मानने वालों की ओर से दूसरों को सुख पहुँचाने का प्रयास हुआ है।

परन्तु पिछले 3000 साल से वर्तमान तक जितना उत्पान, खून खराबा, घृणा, बंटवारा वैर–विरोध, संघर्ष, नर–संहार धर्म के नाम

पर हुआ है। उतना जान–माल का नुकसान युद्वो, महामारियों व प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ। सबसे आर्श्चजनक तो यह है कि जिस आर्श्चय चकित करने वाली उँचाई पर विज्ञान की प्रगति हुई है उससे कहीं ज्यादा कटट्रता व अंधविश्वास धर्म के क्षेत्र में हुआ है।

वैज्ञानिक प्रगति होते हुए भी, धर्म का हस्तपेक्ष मानव जीवन में क्यों बढ रहा है ? निश्चित रू‍प से इसका कारण जीवन में धर्म का महत्व है। जीवन में धर्म का महत्व क्या है कुद उद्धरणों से स्पष्ट होगा। आचार्य चाण्क्य कहते हैं – सुखस्य मूलम धर्म : ! शास्त्र कहता हैं धर्म एव हतो हन्दि। धर्मो हीन पशुः। महाभारत कहता है – धर्मो धायरेत प्रजाः। मनु महाराज कहते हैं– अधर्मेपाधते समूलमस्तु विनश्चति। टालस्टाय कहते हैं– बिना धर्म के जीवन, बिना हृदय के शरीर जैसा है।

लोक कहावत भी है–मनुष्य का सब कुछ छूट जाता है, केवल धर्म साथ जाता है। वास्तव में जिस वस्तु को मृत्यु भी अलग न करे सके अर्थात् जिसको मृत्यु भी न जीत सके महत्वपूर्ण तो है ही। जिन ऋषि मुनी–महापुरूषों ने धर्म को जीवन की प्रत्येक वस्तु से उपर स्थान दिया है, उनके अनुसार धर्म कजसे कहा गया है। यह जान लेना अनिवार्य होगा। धारियते यः सरू धर्म धारण करने योग्य को ध ारणा करना धर्म है। क्या धारण करे – मनु महाराज कहते हैं– घृति क्षमा दमोअस्तेए शौचमिन्द्रिय निग्रहः। धीर्विधा सत्यमक्रोधो दशक ध र्म लक्षणम।

मनु कहते हैं– यस्य तर्केण अनुसन्धे सः धर्मः

ऋषि कणाद कहते हैं– यतो अभ्युदय निश्रेय सिद्विः सः धर्मः। तोक–परलोक की सिद्वि करने वाला धर्म है।

मनु महाराज आगे कहते हैं – आत्मनः प्रतिकुलानी परेषां न समाचरेत। महार्षि दयानन्द सरस्वती कहते हैं– सत्याचरण ही ध र्म है। इस किसको धर्म कहें– धर्म पर क्यों चले, यह सब उहापोह और प्रयास किसलिए है। इन सबका एक ही उतर है– प्राणी मात्र सुख चाहता है, दुखी कोई नहीं होना चाहता। उपरोक्त परिभाषाओं में यही प्रयास है कि ऐसे करने से सुख होगा। आओ देखें सुख कैसे होगा। सरलता, सहजता, पिर्भयता, स्थिरता, ये सभी सुख की स्थिति है। ये स्थिति कैसे आएंगी। इसका उतर हमें प्रकृति या ईश्वर से सिखना चाहिए। हम देखते हैं कि ब्रहामांड के प्रत्यो किया–कलाप के पिदे एक नियम कार्य कर रहा हे। व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि नियम का पालन किया जाए। नहीं तो व्यवस्था बिगड जाएगी ओर अव्यवस्था, स्थिरता को भंग कर देगी और दुःख होगा। नियम तोडने पर कार्य पूर्ण होने में संदेह होगा और भय लगेगा और दुःख होगा। नियम प मानने से कुछ अलग करला पडेगा और उु5ख होगा। नियम विपरित चलना व्यवस्था का विरोध होगा और कठिनाई पैदा होगी और दुःख होगा। अभिप्रायः हुआ नियमानुसार चलना सुख और नियम तोडना दुःख।

